# समाचार पत्रों हेतु विज्ञापन

**निविदा प्रपत्र मूल्य Rs. 590.00 (with GST)**

## राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय में अनुबन्ध आधार पर वाहन उपलब्ध कराये जाने के लिये निविदा प्रपत्र

### (क) निविदा का आमंत्रण (Invitation to Bid)

राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, देहरादून के कार्यालय (जल जीवन मिशन तथा अर्द्धनगरीय क्षेत्रों हेतु विश्व बैंक पोषित उत्तराखण्ड पेयजल कार्यक्रम) हेतु दिनांक 1 सितम्बर, 2022 से आगामी एक वर्ष की अवधि के लिये विभिन्न व्यावसायिक वाहनों यथा टाटा जेस्ट, मारूति डिजायर एवं इनोवा (नॉन ए0सी0 एवं ए0सी0) आदि दैनिक एवं मासिक आधार पर आवश्यकता है।

इच्छुक वाहन स्वामी/फर्म, जिनका पंजीयन माल एवं सेवाकर के अर्न्तगत हो, वे निविदा प्रपत्र राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की वेवसाईट–http://swajal.uk.gov.in से Download कर सकते है। जिसके लिये निविदा प्रपत्र मूल्य Rs. 590.00+EMD Rs. 72,000.00 का बैंक ड्राफ्ट, जो Uttarakhand Water Supply Programe, SWSM, Dehradun के पक्ष में जारी हो, संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। उक्त निविदा, इस कार्यालय में दिनांक 23rd अगस्त......, 2022 को अपरान्ह 2.30 बजे तक स्वीकार की जायेगी जो निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा।

**अपर परियोजना निदेशक/मुख्य अभियन्ता,**
**राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन,**
**75/38, इन्दर रोड़, डालनवाला, नियर सूरी नर्सिंग होम,**
**देहरादून–248171 उत्तराखण्ड**

(ख) निविदादाता को सामान्य निर्देश :–

Requirement for vehicles mention below for office purpose:-

| Sl.No. | Vehicle Type | Specifications* |
|---|---|---|
| 1 | Tata Zest (Non AC) | Model 2020 or newer |
| 2 | Tata Zest (AC) | Model 2020 or newer |
| 3 | Maruti Dzire (Non AC) | Model 2020 or newer |
| 4 | Maruti Dzire (AC) | Model 2020 or newer |
| 5 | Innova / Scorpio (AC) | Model 2020 or newer |

1. **Bid Price**

   a) All duties, taxes and other levies payable on the service shall not be included in the total price.
   b) The rates quoted by the bidder shall be fixed for the duration of the contract and shall not be subject to adjustment on any account.
   c) The Prices shall be quoted in Indian Rupees only.

2. Each bidder shall submit only one tender.

3. **Validity of Tender**

   Tender shall remain valid for a period not less than 30 days after the deadline date specified for submission.

4. **Evaluation of Tender**

   The Purchaser will evaluate and compare the tenders determined to be substantially responsive i.e. which

   (a) are properly signed;
   (b) Confirm to the terms and conditions, and specifications.
   (c) Accompanied by EMD and cost of tender.

   The Tenders would be evaluated separately for each model /brand as mentioned on para-1.

   1. For non AC, AC Cars like Tata Zest, Maruti Dzire and Innova/Scorpio only daily rates excluding fuel to be quoted.
   2. If monthly rates of vehicles are found lower for different models of different firms, the lowest monthly rates for Tata Zest or Maruti Dzire (Non AC) would be given preference. Such identified firm would be negotiated to lower its rate for other categories of vehicles. If not agreed then only separate contract would be signed with individual lower firms.

GST in connection with services shall not be taken into account for evaluation.

5. **Award of contract**

The Purchaser will award the contract to the bidder whose tender has been determined to be substantially responsive and who has offered the lowest evaluated tender price.

5.1 Notwithstanding the above, the client reserves the right to accept or reject any tender and to cancel the bidding process and reject all tenders at any time prior to the award of contract.

5.2 The bidder whose bid is accepted will be notified of the award of contract by the Purchaser prior to expire of the tender validity period. The terms of the accepted offer shall be incorporated in the contract order.

5.3 The successful bidder has to sign a contract on Rs.100.00 stamp paper together with performance security of 5% of the Contract Value.

7. Payment shall be made on monthly basis.

8. Other conditions of contract is enclosed as **Annexure- I**

9. You are requested to provide your offer **latest by 2.30 hrs. on 23 अगस्त, 2022.**

10. We look forward to receiving your tenders and thank you for your interest in this project.

(B.K. Pandey)
Additional Program Director/ Chief Engineer

मुख्य अभियन्ता,
जल जीवन मिशन / राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन

**Annexure- I**

(ग) निविदा की शर्तें :—

1. प्रारम्भ में मासिक आधार पर कार्यालय के आवश्यकतानुसार टाटा जेस्ट/मारूति स्विफ्ट डिजायर (ए0सी0 एवं नॉन ए0सी0) एवं इनोवा लिया जाना प्रस्तावित है। भविष्य में आवश्कतानुसार वाहनों को मासिक/दैनिक आधार पर अतिरिक्त रूप में योजित किया जा सकता है परन्तु भुगतान वास्तविक रूप में योजित वाहनों का ही किया जायेगा।
2. निर्धारित मासिक किराये की दरो के अतिरिक्त पेट्रोल/डीजल की कीमत का भुगतान प्रति कि0मी0 की दरों पर पैरा—12 एवं इ के अनुसार देय होगा। रात्रि विश्राम चार्ज (रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 5:00 बजे तक) Rs 150.00 प्रति रात्रि (केवल मासिक आधारित वाहनों हेतु) पृथक से देय होगा जो राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा वहन किया जायेगा।
3. आमंत्रित निविदा के क्रमांक 01 से क्रमांक 5 पर अंकित वाहनों का पंजीकरण माह जनवरी, 2020 से पूर्व का होने पर उनको अनुबन्धित किये जाने पर विचार नही किया जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने के दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।
5. निविदा के साथ निविदा प्रपत्र मूल्य **Rs. 590.00 जी0एस0टी0 सहित एवं Rs. 72,000/—(Rs. बहत्तर हजार मात्र)** की धरोहर धनराशि जमा की जानी अनिवार्य है, जो कि **Uttarakhand Water Supply Programe, SWSM, Dehradun**, के पक्ष में एफ0डी0आर0/डी0डी0 के रूप में देय होगी।
6. वाहन स्वामी द्वारा यदि किसी दिन वाहन उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो प्रतिदिन दी जाने वाली धनराशि का डेढ़ गुना पैनल्टी के रूप में विभाग द्वारा धनराशि की कटौती की जायेगी।
7. वाहन की मरम्मत/सर्विसिंग आदि के लिये माह में एक दिवस (रविवार अथवा कार्यालय अवकाश) का अवकाश अनुमन्य होगा किन्तु विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु अवकाश के दिनों में भी मासिक आधार पर लिये गये वाहनों को बुलाया जा सकता है, जिसके लिये निर्धारित समय पर वाहन उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।
8. वाहन की उत्तराखण्ड से बाहर भी आवश्यकता होगी। प्रदेश से बाहर की यात्राओं के लिये परमिट एवं रोड टैक्स का भुगतान अलग से मूल रसीद उपलब्ध कराये जाने पर दिया जायेगा।
9. वाहन की मरम्मत, बीमा तथा चालक का वेतन आदि के भुगतान की सम्पूर्ण जिम्मेदारी फर्म/एजेन्सी/वाहन स्वामी की होगी।
10. वाहन अन्दर एवं बाहर से पूर्ण स्वच्छ रखना होगा। वाहन में सीट कवर, तौलिया आदि रखना अनिवार्य होगा।
11. अधिकारी के कार्यालय से बाहर यात्रा पर रहने अथवा अवकाश पर रहने की दशा में वाहन चालक राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के लेखा अनुभाग में वाहन सहित अपनी उपस्थिति देगा अन्यथा की दशा में उक्त वाहन के मासिक बिल से आनुपातिक आधार पर प्रति दिवस के आधार पर धनराशि की कटौती कर दी जायेगी।
12. वाहन को मासिक रूप से योजित किये जाने पर अनुबन्धित दर का मासिक किराया एवं निम्न विवरण के अनुरूप प्रयुक्त ईंधन की प्रतिपूर्ति/उपलब्धता करायी जायेगी:—

| Sl.No. | Vehicle Type | Mileage |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tata Zest (Non AC) | 17 KM per Ltr. |
| 2 | Tata Zest (AC) | 15 KM per Ltr. |
| 3 | Maruti Dzire (Non AC) | 17 KM per Ltr. |
| 4 | Maruti Dzire (AC) | 15 KM per Ltr. |
| 5 | Innova / Scorpio (AC) | 10 KM per Ltr. |

13. फर्म का PAN एवं माल एवं सेवा कर (जी0एस0टी0) रजिस्ट्रेशन संख्या होना आवश्यक है, इसके प्रमाण के रूप में स्व प्रमाणित फोटो कॉपी की प्रति उपलब्ध करायें।
14. फर्म/निविदादाता द्वारा विगत दो वर्षों में वाहन उपलब्ध कराने सम्बन्धी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
15. फर्म के द्वारा विगत 02 वर्षों का प्रत्येक वर्ष में कुल रू0 12.00 लाख (रू बारह लाख) से अधिक प्रति वर्ष का Travel से सम्बन्धित कार्य किया गया हो। प्रमाण के रूप में वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 की आयकर रिटर्न एवं ऑडिटर द्वारा सत्यापित बैलेन्स सीट (Income and Expenditrue, Loss and profit Account) की छायाप्रति संलग्न करनी आनिवार्य है।
16. वाहन चालक के पास मोबाईल सुविधा होना अनिवार्य है जो 24 घण्टा चालू हालत में रहेगा, जिससे वाहन चालक से सम्पर्क किया जा सके।
17. अनुबन्धित फर्म उपरोक्त शर्तों के साथ–साथ उन्ही वाहनों को कार्यालय को उपलब्ध करायेगा, जिनका रजिस्ट्रेशन टैक्सी कोटे में हो तथा जिनका रोड टैक्स, फिटनैस एवं बीमा आदि का भुगतान किया गया हो। R.T.O. द्वारा वाहन का चालान किया जाता है तो उसका उत्तरदायित्व ट्रैवल एजेन्सी/संचालक/फर्म का होगा।
18. फर्म के नाम अथवा फर्म के स्वामी के नाम कम से कम 06 वाहन जो 2020 या इसके पश्चात हों, होने अनिवार्य हैं अथवा सम्बन्धित फर्म के साथ पावर ऑफ एटर्नी अथवा अनुबन्ध के माध्यम से संचालित किये जाने हेतु अर्हता रखते हों। अनुबन्ध/पावर ऑफ एटर्नी द्वारा प्राप्त वाहनों से सम्बन्धित प्रपत्रों की छायाप्रति संलग्न करनी अनिवार्य होगी।
19. अनुबन्धित किये जाने वाले वाहनों द्वारा वर्ष 2020 से अनुबन्ध की तिथि तक अधिकतम 50000.00 किमी0 की दूरी तय की गयी हो, उन्ही वाहनो को कार्यालय में योजित किया जायेगा।
20. यात्रा के मध्य वाहन के परिवर्तन में किसी भी प्रकार का व्यवधान होने पर चयनित व्यक्ति/संस्था/फर्म को 01 घण्टे के अन्दर वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी, ऐसा न करने की स्थिति में उस यात्रा का कोई भुगतान नहीं किया जायेगा तथा फर्म/सेवादाता के बिल से उतनी धनराशि की कटौती कर ली जायेगी जितनी राशि का भुगतान सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को यात्रा पूरी करने हेतु करना पड़ा हो।
21. न्यूनतम दरों पर चयनित फर्म यदि एक सप्ताह के अन्तर्गत वाहन उपलब्ध कराने में असमर्थ रहेगी तो फर्म/एजेन्सी/वाहन स्वामी को काली सूची में डाला जायेगा।
22. वाहन चालक के पास वाहन से सम्बन्धित आवश्यक मूल दस्तावेज 24 घण्टे उपलब्ध रहेंगे।
23. निविदादाता को चयनित होने पर अनुबन्ध किये जाने हेतु धनराशि Rs 100.00 का स्टाम्प पेपर अनुबन्ध हेतु उपलब्ध कराना होगा तथा अनुबन्ध लागत की **05 प्रतिशत जमानत राशि** डी0डी0/एफ0डी0आर0

जो **Uttarakhand Water Supply Programe, SWSM, Dehradun** के नाम पर (राष्ट्रीयकृत/शिडयुल्ड बैंक) से जारी की गयी हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

24. वाहन प्रतिदिन प्रत्येक समय कार्यालय परिसर में उपलब्ध रखना होगा एवं वाहन को 24 घण्टे आवश्यकतानुसार प्रयोग में लाया जा सकता है। कार्यालय परिसर में स्थान उपलब्ध न होने की दशा में समस्त वाहन घण्टाघर से 5 कि0मी0 की परिधि के अन्तर्गत ही गैराज में खड़े करने हेतु दूरी अनुमन्य हो सकेगी। चालक द्वारा निर्धारित किमी0 के अतिरिक्त वाहन उपयोग करने पर अतिरिक्त कि0मी0 का भुगतान नहीं होगा।
25. फर्म को Technical तथा Financial Bid एक ही लिफाफे में दो अलग–अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी।
26. आपूर्तिकर्ता फर्म/संचालक द्वारा वाहन की लॉगबुक में प्रत्येक माह वास्तविक कि0मी0 के आधार पर विल तैयार किया जायेगा तथा प्रत्येक दिवस में वास्तविक तय की गई दूरी एवं स्थान को चालक द्वारा वाहन में उपलब्ध लॉग बुक में अंकित किया जायेगा तथा इसका सत्यापन सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिदिन किया जायेगा।
27. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होंगी।
28. उपरोक्त में से यदि कोई शर्त पूर्ण नहीं होती है तो निविदादाता की वित्तीय दरों सम्बन्धी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
29. निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार संयुक्त अधिशासी अधिकारी, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन को होगा।
30. किसी विवाद के स्थिति में न्यायालय देहरादून मान्य होगा।
31. परियोजना में मासिक आधार पर केवल उन्ही वाहनों का चयन किया जायेगा जिनके रजिस्ट्रेशन आदि के प्रपत्रों की छायाप्रतियॉ निविदा के साथ प्रस्तुत की जायेंगी।
32. वाहन किराये के विलों पर आयकर एवं जी0एस0टी0 के नियमों के अनुसार आयकर एवं जी0एस0टी0 की कटौती की जायेगी।
33. वाहन को किराये पर लिये जाने के उपरान्त किसी भी दशा में वाहन को बदला नहीं जायेगा।
34. मासिक आधार पर लिये जाने वाले वाहनों की संख्या स्वीकृत दर पर कभी भी घटायी अथवा बढ़ायी जा सकती है।
35. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा शपथपत्र प्रस्तुत किया जायेगा कि उनके द्वारा पिछले 02 वर्षों में जिन कार्यालयों में वाहन की आपूर्ति की गयी है, में कार्य सन्तोषजनक रहा है तथा असन्तोषजनक सेवा पर किसी भी प्रकार की धनराशि कटौती नहीं की गयी है।
36. यदि फर्म/ऐजेन्सी का कार्य संतोषजनक रहता है तो अनुबन्ध की समय सीमा को अगले दो वर्ष के लिये पूर्व निर्धारित दरों एवं शर्तो पर बढ़ाये जाने पर विचार किया जा सकता है।
37. निविदा प्रक्रिया में चयनित वाहन स्वामी/फर्म द्वारा अनुबन्ध की अवधि में उपरोक्त शर्तों एवं नियमों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही, जिससे परियोजना कार्य की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े, की दशा में अनुबन्ध एक तरफा समाप्त करने का अधिकार संयुक्त अधिशासी अधिकारी, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, देहरादून को निहित होगा।
38. 01 से अधिक निविदाताओं की एक समान दरें प्राप्त होने पर निगोशियेशन के आधार पर अनुबन्ध करने का अधार संयुक्त अधिशासी अधिकारी, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के पास सुरक्षित है।

39. वाहन पर तैनात किये जाने वाला चालक वैद्य व्यसायिक लाईसेन्स धारक होना चाहिये।

40. वाहन स्वामी/फर्म द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि ऐसे चालक जो नशे के आदि हो को वाहन पर तैनान नहीं किया जायेगा।

# राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन,
# 75/38, इन्दर रोड़, डालनवाला, नियर सूरी नर्सिंग होम,
# देहरादून–248001 उत्तराखण्ड

**(दिनांक 1 सितम्बर, 2022 से वाहन उपलब्ध कराये जाने हेतु निविदा प्रपत्र)**

निविदा फार्म मूल्य – Rs.500+18% GST = Rs. 590.0(

## (Technical Bid)

1. फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि : ..............................., 2022 सायं 2:30 बजे तक
2. निविदा खोलने की तिथि : ..............................., 2022 सायं 3:00 बजे तक
3. निविदा जमा करने एवं खोलने का स्थान : राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, देहरादून।
4. निविदा दाता/फर्म का नाम :.................................................................................
5. पिता का नाम :.................................................................................
6. स्थायी निवास तथा पता :.................................................................................
7. राज्य वाणिज्यकर पंजीयन संख्या :.......................................TIN No:...............................................
8. निविदादाता को सामान्य निर्देश में उल्लेखित प्रकार के वाहनों की संख्या व उनके रजिस्ट्रेशन न0 (जिनका स्वामित्व निविदादाता/फर्म का हो) के पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा, परमिट, फिटनेस की छायाप्रतियॉ संलग्न की जानी अनिवार्य है।

   1.–.................................................................................
   2.–.................................................................................
   3.–.................................................................................
   4.–.................................................................................
   5.–.................................................................................
   6.–.................................................................................
   7–.................................................................................
   8–.................................................................................
9. निविदा फार्म के साथ संलग्न की गयी निविदा फीस एवं धरोहर धनराशि का विवरण :

   डी0डी0/एफ0डी0आर0 संख्या.....................दिनांक..................बैंक का नाम..................धनराशि.......

   डी0डी0/एफ0डी0आर0 संख्या.....................दिनांक..................बैंक का नाम..................धनराशि.......
10. PAN. No. ..............................................(स्वयं प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जानी आवश्यक है)
11. G.S.T. Registration No- ...............................(स्वयं प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जानी आवश्यक है))
12. वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 की आयकर रिटर्न की छायाप्रतियॉ।

निविदा दाता के हस्ताक्षर : ..................................................................

प्रतिनिधि का नाम : ..................................................................

दूरभाष संख्या : ..................................................................

मोबाइल नम्बर : ..................................................................

## घोषणा पत्र– 1

मैं/हम घोषणा करते है कि मैने/हमने निविदा प्रपत्र में दिये गये नियमों एवं शर्तो का भली–भाँति अध्ययन/परीक्षण कर लिया गया है, जिस पर मेरे द्वारा हस्ताक्षर किये गये है।

मैं/हम घोषणा करते है कि मैने/हमारे द्वारा प्रस्तुत समस्त अभिलेख/सूचनायें सत्य है।

दिनांक....................................

वाहन स्वामी के हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र– 2

मैं/हम घोषणा करते है कि मैं/हम/हमारी फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग/संगठन द्वारा काली सूची (Black List) में दर्ज में नहीं है।

दिनांक....................................

वाहन स्वामी के हस्ताक्षर

## FORMAT OF TENDER

## (Financial Bid)

**The Bidder has to Quote his rates excluding taxes.**

| Sl. No. | Vehicle Type | Specifications* | With out Fuel | | Fuel Average |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Monthly Rate | Daily Rate | |
| 1 | Tata Zest (Non AC) | Model 2020 or Newer | | | |
| 2 | Tata Zest (AC) | | | | |
| 3 | Maruti Dzire (AC) | | | | |
| 4 | Maruti Dzire (Non AC) | | | | |
| 5 | Innova / Scorpio (AC) | | | | |

We agree to provide the services of vehicle on hire basis in accordance with the conditions mentioned on tender document & Annexure-1, of bid documents as per monthly and daily basis rate mentioned above.

We hereby certify that we have taken steps to ensure that no person acting for us or on our behalf will engage in bribery.

**Signature and Seal of Supplier**